सुविचार

रंगों का यह पावन पर्व होली आपके जीवन में सुख, समृद्धि और आनंद के अनगिनत रंग लेकर आएं।

# दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर

सच के साथ, समाज के साथ




वर्ष : 1 | अंक : 28 | पंचकूला। बुधवार, 4 मार्च 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

## एक नजर

### दुबई से 149 यात्रियों को लेकर दिल्ली पहुंची एयर इंडिया की उड़ान

नई दिल्ली। दुबई में फंसे 149 यात्रियों को लेकर एयर इंडिया का एक विमान मंगलवार सुबह दिल्ली पहुंचा। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 916डी आज सुबह 10:58 पर दिल्ली के इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। इसमें कुल 157 लोग सवार थे जिसमें 149 यात्री और चालक दल के आठ सदस्य शामिल हैं। पश्चिम एशिया में फंसे यात्रियों को लेकर दिल्ली आने वाली आज यह पहली उड़ान थी। इससे पहले दुबई में फंसे 143 चालक दल के सदस्यों को लेकर एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 918डी दिल्ली पहुंची थी। चालक दल के ये सदस्य एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के हैं जो अचानक उड़ानें बंद होने से दुबई में फंस गये थे।

### कनाडा ने भारत की आर्थिक वृद्धि पर लगाया बड़ा दांव

नई दिल्ली, 3 मार्च। हाल ही में कनाडा और भारत के बीच हुए 2.6 अरब डॉलर के यूरेनियम आपूर्ति समझौते से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ओटावा के आर्थिक संबंध मजबूत हुए हैं। वन वर्ल्ड आउटलुक की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह समझौता भारत की तेज औद्योगिक वृद्धि का लाभ उठाने और अमेरिका पर एकमात्र बाजार के रूप में निर्भरता कम करने की दिशा में भी अहम कदम है। इस रिपोर्ट के अनुसार, व्यापक स्ट्रैटेजिक एनर्जी पार्टनरशिप के तहत घोषित यह समझौता कनाडा के प्रीमियम संसाधन को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते ऊर्जा बाजारों में से एक, भारत, से जोड़ता है। यह ओटावा की उस पुरानी सोच से बदलाव को भी दर्शाता है, जिसमें भारत को केवल प्रवासी समुदाय या कूटनीतिक चुनौती के नजरिए से देखा जाता था।

# इजराइली सेना लेबनान में घुसी, 50 से ज्यादा की मौत

## बहरीन में 73 मिसाइलों और 91 ड्रोन को एयर डिफेंस फोर्सेस ने किया नष्ट

पंचकूला ऑब्जर्वर

बेरूत। इजराइल और अमेरिका की ईरान से चौथे दिन भी जंग जारी रही और दोनों तरफ से हमले होते रहे। इसी बीच इजराइली सेना लेबनान में घुस गई। इजराइली आर्मी ने लेबनान के 59 इलाकों को भी तुरंत घर खाली करने का आदेश दिया है। हालात बिगड़ने के बाद 30 हजार से ज्यादा लोगों ने घर छोड़ दिया है।

इसके साथ ही इजराइल ने लगातार दूसरे दिन लेबनान के उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह को निशाना बनाते हुए कई जगह बमबारी की। सोमवार को हुए हमलों में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 150 से ज्यादा लोग घायल हैं।

हिजबुल्लाह को ईरान समर्थक माना जाता है। उसने ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद इजराइल के हाईफा शहर के पास एक सैन्य ठिकाने पर ड्रोन और मिसाइल दागे थे। बहरीन सरकार ने पुष्टि की है कि ईरान की ओर से दागे गए 73 मिसाइलों और 91 ड्रोन को उसकी एयर डिफेंस फोर्सेस ने सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट कर नष्ट कर दिया है। रक्षा मंत्रालय ने बयान में कहा कि मिसाइलों और ड्रोन को ट्रैक कर समय रहते रोकने के कारण कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान की एक मिसाइल ने इजराइल के सेंट्रल हिस्से में स्थित शहर पेटाह टिकवा को निशाना बनाया। इजराइल के चैनल 12 के मुताबिक, मिसाइल के टुकड़े शहर में गिरे, जिससे कुछ नुकसान हुआ है। यूएई के फुजैराह ऑयल इंडस्ट्री जोन में मंगलवार सुबह ईरानी ड्रोन का मलबा गिरने से आग लग गई। अधिकारियों के मुताबिक, ड्रोन को इंटरसेप्ट किए जाने के बाद उसके टुकड़े इलाके में गिरे, जिससे यह घटना हुई। फुजैराह मीडिया ऑफिस ने बयान जारी कर बताया कि हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।




## ईरान को भारी नुकसान, 'बड़ी लहर' के हमले बाकी: ट्रंप

वॉशिंगटन/तेहरान, 03 मार्च। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी सुरक्षा बल ईरान को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, लेकिन सैन्य अभियान का सबसे तीव्र चरण अभी शुरू होना बाकी है। ट्रंप ने सीएनएन को दिये एक साक्षात्कार में कहा कि कार्रवाई बहुत प्रभावी है और अमेरिका अपनी सैन्य शक्ति का उपयोग कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि शुरुआती हमलों में अमेरिका ने राजनीतिक और सैन्य हस्तियां सहित 49 ईरानी नेताओं को समाप्त कर दिया है। ट्रंप ने कहा कि अगला चरण शीघ्र आने वाला है। उन्होंने इसे बिग वेव करार देते हुए कहा कि हमने अभी तक उन्हें पूरी ताकत से नहीं मारा है। बड़ी कार्रवाई अभी बाकी है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि ईरान द्वारा बहरीन, जॉर्डन, कुवैत, कतर और संयुक्त अरब अमीरात सहित अरब देशों पर मिसाइल और ड्रोन हमले सबसे बड़ा आश्चर्य रहे। ट्रंप ने संघर्ष की अवधि पर कहा कि वह इसे लंबा नहीं देखना चाहते और उनका अनुमान था कि यह लगभग चार सप्ताह तक चलेगा।



### पूर्वव्यापी हमलों का उद्देश्य ईरानी खतरे को निष्क्रिय करना: मार्को रुबियों


अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि इजरायल के साथ समन्वय में किये गये पूर्वव्यापी हमलों का उद्देश्य ईरानी खतरे को निष्क्रिय करना और अमेरिकी बलों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। उन्होंने कहा कि अमेरिका को आशंका थी कि यदि इजरायल कार्रवाई करता तो ईरान अमेरिकी ठिकानों पर जवाबी हमला करता, इसलिए पहले प्रहार किया गया। रुबियो ने कहा कि अभियान का मुख्य ध्यान ईरान की कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता और उसकी नौसेना से उत्पन्न खतरे को समाप्त करना है।


इजराइल

### पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास ने वीजा अपॉइंटमेंट रद्द किए

पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास ने सुरक्षा कारणों से सभी वीजा अपॉइंटमेंट रद्द कर दिए हैं। पाकिस्तान में मौजूद अमेरिकी एंबेसी ने कहा है कि यह फैसला इस्लामाबाद के साथ-साथ लाहौर और कराची के दफ्तरों पर भी लागू होगा। यह आदेश 6 मार्च तक लागू रहेगा। रविवार को कराची में अमेरिकी कांसुलेट के बाहर प्रदर्शन हुआ था। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों की फायरिंग में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई।

### सऊदी अरब में अमेरिकी दूतावास पर ड्रोन हमले के बाद यूएस एंबेसी ने जारी की एडवाइजरी



रियाद, 3 मार्च। इसऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार सुबह कहा कि रियाद में अमेरिकी दूतावास पर दो ईरानी ड्रोन ने हमला किया। इस हमले के बाद दूतावास में आग लग गई और सामान का नुकसान हुआ। यह घटना ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों और उसके बाद खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी और इजरायली सैन्य संपत्ति पर तेहरान के जवाबी हमलों के बीच हुई। तेहरान को कड़ी चेतावनी देते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, फ़तुम्हें जल्द ही पता चल जाएगा कि जवाबी कार्रवाई क्या होगी। सऊदी अरब के रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि शुरुआती जांच से पता चला है कि सोमवार देर रात अमेरिकी दूतावास कंपाउंड पर दो ड्रोन से हमला हुआ, जिससे आग लग गई। किसी के घायल होने की खबर नहीं है, क्योंकि सुबह-सुबह जब हमला हुआ तो बिल्डिंग खाली थी। हमले के बाद अमेरिकी दूतावास ने एक्स के जरिए रियाद, जेद्दा और धाहरान के लिए शेल्टर-इन-प्लेस एडवाइजरी जारी की। इसने इस क्षेत्र में सैन्य ठिकानों की गैर-जरूरी यात्रा पर रोक लगाने की भी घोषणा की और सऊदी अरब में रहने वाले अमेरिकी नागरिकों से तुरंत पनाह लेने की अपील की।

### आईएईए ने माना ईरान के नतांज परमाणु केंद्र को पहुंचा नुकसान



इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) ने पुष्टि की है कि ईरान के नतांज न्यूक्लियर फैसिलिटी में एंट्रेंस बिल्डिंग्स को थोड़ा नुकसान पहुंचा है। इजरायल की ओर से जारी सैटेलाइट तस्वीरों को लेकर उठ रहे सवालों के बीच यह बयान आया है। पिछले दो दिनों की सैटेलाइट तस्वीरों में यूएस-इजरायली बमबारी अभियान के दौरान हुए नुकसान को साफ तौर पर दिखाया गया था। परमाणु कार्यक्रमों पर नजर रखने वाली अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी ने ईरान के नतांज न्यूक्लियर फैसिलिटी कॉम्प्लेक्स को हुए नए नुकसान की पुष्टि की। एजेंसी ने एक्स पर लिखा, फ़ताजा सैटेलाइट इमेजरी के आधार पर, आईएईए अब ईरान के अंडरग्राउंड नतांज फ्यूल एनरिचमेंट प्लांट (एफईपी) की एंट्रेंस बिल्डिंग्स (प्रवेश द्वार वाली इमारत) को हुए कुछ हालिया नुकसान की पुष्टि करती है, और आगे कहा, कोई रेडियोलॉजिकल नतीजा होने की उम्मीद नहीं है और एफईपी पर कोई और असर नहीं देखा गया है, जिसे जून की लड़ाई में बहुत नुकसान हुआ था।

# देर रात डयूटी से घर लौट रहे युवक की लूट के इरादे से हत्या

- पुलिस ने 6 घंटे में किया आरोपी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी

पंचकूला ऑब्जर्वर

पंचकूला, 3 मार्च। पंचकूला में लूट के इरादे से मंगलवार तड़के 2 बजे दो बदमाशों ने ड्यूटी से घर लौट रहे बाइक सवार की चाकू गोद कर हत्या कर दी। पुलिस ने वारदात के 6 घंटे में ही वारदात का पटाक्षेप करते हुए एक आरोपी को धर दबोचा। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि हमें गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि दीपक बाइक पर सवार होकर घर की तरफ जा रहा था। इस दौरान रात करीब 2 बजे सेक्टर-12 स्थित कृषि भवन की ओर जाने वाली सड़क पर दो अज्ञात युवकों ने बाइक सवार दीपक पर तेजधार हथियारों से हमला किया और उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। घायल अवस्था में दीपक को तुरंत सेक्टर-6 स्थित नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



मामले में मृतक के भाई ने थाना सेक्टर-5 में शिकायत दर्ज करवाई कि उसका 33 वर्षीय भाई दीपक निवासी अमेठी, उत्तर प्रदेश, जो वर्तमान में ढकोली में किराये पर रह रहा था और पंचकूला स्थित एक कॉल सेंटर में कार्यरत था, पर देर रात लूट के इरादे से हमला किया गया। थाना सेक्टर-5 में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए विभिन्न पुलिस टीमों का गठन किया गया।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 के इंचार्ज दलीप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी रोशन निवासी गोपालगंज, बिहार, हाल किरायेदार ढकोली को वारदात के मात्र 6 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कल अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा, ताकि वारदात में प्रयुक्त हथियार और लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया जा सके। मामले में दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। सभी क्राइम यूनिट्स को अलर्ट कर दिया गया है और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। दूसरे आरोपी को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अमेरिका में 3 लाख की सैलरी का सपना दिखाकर 6 लाख ठगे, फर्जी इमिग्रेशन एजेंट दिल्ली से दबोचा

पंचकूला ऑब्जर्वर

पंचकूला। पिंजौर में रह रहे एक परिवार के सदस्य को अमेरिका में 3 लाख रूपए की सैलरी का सपना दिखाकर फर्जी एजेंट ने 6 लाख रुपए ठग लिए। पंचकूला पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने खुद को इमिग्रेशन एजेंट बताकर शिकायतकर्ता के बेटे को अमेरिका में नौकरी दिलाने का नाम लेकर लाखों की रकम ऐंठ ली थी। पुलिस की तत्पर कार्रवाई से आरोपी को दिल्ली से दबोच लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पंचकूला निवासी शिकायतकर्ता नवंबर 2023 में अपने एक जानकार के माध्यम से पंकज कुमार नामक व्यक्ति के संपर्क में आया था। आरोपी ने स्वयं को इमिग्रेशन एजेंट बताते हुए शिकायतकर्ता के बेटे को अमेरिका में बुजुर्गों की देखभाल की नौकरी दिलाने का झूठा भरोसा दिया। आरोपी ने प्रति माह 3 लाख रुपये वेतन का लालच दिया और इसके बदले कुल 30 लाख रुपये की मांग की। विश्वास में लेकर आरोपी ने पीड़ित से 6 लाख 35 हजार रुपये एडवांस के तौर पर ले लिए। इसके बाद आरोपी लगातार झूठे आश्वासन देता रहा, न तो शिकायतकर्ता के बेटे को अमेरिका भेजा गया और न ही ली गई राशि वापस की गई। पीड़ित द्वारा पुलिस उपायुक्त कार्यालय में शिकायत दिए जाने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच एंटी इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट को सौंपी गई। जांच के उपरांत थाना पिंजौर में दिनांक 3 नवंबर, 2025 को को भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 420, 120-बी तथा इमिग्रेशन एक्ट की धारा 24 के तहत मामला दर्ज किया गया।

# श्रद्धालुओं ने मनाया गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी का विराट विश्वास दिवस

पंचकूला 3 मार्च। विराट विश्वास दिवस व गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी की चौथी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य पर विश्वास मैडिटेशन सेंटर सैक्टर 9 पंचकूला के भव्य हाल में विशेष मैडिटेशन व सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें सैंक?ों विश्वास फाउंडेशन के भक्तों व अन्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत देवियों व संगत के मधुर भजनों से हुई। उसके पश्चात गुरुदेव श्री जी की रिकॉर्डिड गाइडिड ऑडिओ चलाई गई जिसमें गुरुदेव जी ने सुबह से आँख में नमी सी है भजन गाकर सभी आए हुए श्रद्धालुओं को ध्यान की प्रक्रिया में उतारा और कहा मैडिटेशन में जितने अधिक विचार तुम्हारे समक्ष आऐंगे तुम इसको नेगॅटिव नहीं लेना। जो-जो विचार



मैडिटेशन के समय भीतर उठता है वो सब पा?िटिव है, क्योंकि वो सब भीतर भरा है। इतना भरा, इतना भरपूर है कि विचारों के अतिरिक्त भीतर कुछ ओर न?र ही नहीं आता। सभी शास्त्र, सभी सद्ग्रन्थ कहते हैं कि 10 लाख संस्कार 24 घंटे में हम भीतर भरते हैं। सभी सद्ग्रन्थों ने इस भीतर भरे विचारों के कचरे को धोने के लिए सुबह-शाम मैडिटेशन में बैठने के लिए इशारा किया है।

विश्वास फाऊंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि हम सब बड़े सौभाग्यशाली हैं क्योंकि हमारे सद्गुरु पूर्णतयः पहुंचे हुए थे। उनकी वाणी आज भी हमें दिशा दे रही है। सेवा और साधना का ऐसा मार्ग दिखा गए जो आए दिन और प्रफुल्लित हो रहा है। गुरूदेव श्री जी के इसी बात पर जोर दिया कि मैडिटेशन के माध्यम से अंतर्मुखी होकर जीओ तभी मालिक, परमात्मा के साथ जुड़ पाओगे, उसके लिए प्यास जगाने की जरूरत है। हम सभी के परम पूजनीय गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी अपना पूरा जीवन मानव कल्याण एवं मानव के लौकिक और अलौकिक उत्थान के लिए समर्पित किया। गुरुदेव श्री जी हमें बहुत ही सहज और सरल ध्यान का मार्ग विश्वास ध्यान के रूप में बताया जो आज लाखो करोड़ो जीवो के जीवन में रूपान्तरण का निमित बन चुका है।

संवाद

## नेचर कैंप थापली में ओएसडी भारत भूषण भारती का विद्यार्थियों से संवाद

# युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है हरियाणा सरकार : भारत भूषण

पंचकूला ऑब्जर्वर

पंचकूला, 3 मार्च। हरियाणा सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय नेचर कैंप थापली में भारत भूषण भारती, ओएसडी मुख्यमंत्री हरियाणा ने संत लोंगोवाल इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (स्ल्हृश्वञ्ज) के विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री की युवाओं के सर्वांगीण विकास संबंधी दृष्टि को साझा किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट विज़न है कि राज्य का युवा शिक्षित, आत्मनिर्भर और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने वाला हो। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्चतम शिक्षा प्राप्त कर देश सेवा के लिए प्रेरित किया तथा विदेश पलायन की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि युवा अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग देश में करेंगे तो हरियाणा और भारत की प्रगति को नई दिशा मिलेगी।



युवा कल्याण संयोजक नरेंद्र सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम हरियाणा सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत प्रतिदिन एक विश्वविद्यालय के विद्यार्थी नेचर कैंप थापली का भ्रमण करते हैं। यह आयोजन हरियाणा के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत हरियाणा एवं पंजाब के विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को नेचर कैंप थापली भ्रमण हेतु आमंत्रित किया जाता है। यहां छात्र-छात्राएं प्रकृति के सान्निध्य में समय व्यतीत कर पर्यावरणीय तंत्र (ईकोसिस्टम) की कार्यप्रणाली को समझते हैं तथा जैव विविधता, जल संरक्षण और वन संरक्षण जैसे विषयों पर व्यावहारिक जानकारी प्राप्त करते हैं। डिप्टी रेंज ऑफिसर विजय नेहरा एवं वन दरोगा भूपेंद्र ने विद्यार्थियों को सतत विकास एवं पारिस्थितिकीय परिवर्तन विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन परमजीत, रेंज ऑफिसर संजय, डिप्टी रेंज ऑफिसर विजय नेहरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

पंजाब के मुख्यमंत्री ने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री से की बात, अरब देशों में फंसे पंजाबियों को तुरंत निकालने की मांग की

# पंजाबियों को परिवारों से मिलाया जाएगा: सीएम

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 3 मार्च।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के. राम मोहन नायडू से फोन पर बात की और उनसे संकटग्रस्त मध्य पूर्व में फंसे पंजाबियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। टेलीफोन पर बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने अचानक युद्ध शुरू होने के कारण खाड़ी देशों में फंसे पंजाबियों से संबंधित आंकड़े साझा किए और उन्हें वापस लाने के लिए तुरंत कदम उठाने की अपील की।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि मैंने नागर विमानन मंत्री के. राम मोहन नायडू से फोन पर बात की। प्रवासी भारतीय मामलों के बारे में पंजाब के मंत्री डॉ. रवजोत सिंह भी उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलने गए थे। केंद्रीय मंत्री ने भरोसा दिया है कि अरब देशों से पंजाबियों की सुरक्षित वापसी के लिए जरूरी प्रबंध किए जाएंगे, जिसमें विशेष उड़ानों का प्रबंध भी शामिल है। मैंने सभी संबंधित व्यक्तियों की सूची संपर्क नंबरों सहित साझा की है। जल्द ही ये पंजाबी सुरक्षित अपने परिवारों के पास वापस आ जाएंगे। किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए कृपया एन.आर.आई. विंग के 24×7 कंट्रोल रूम नंबर 0172-2260042, 0172-2260043 या व्हाट्सएप नंबर 91 94787-79112 पर संपर्क करें।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के. राम मोहन नायडू से अपनी टेलीफोन बातचीत के दौरान मैंने अचानक युद्ध के कारण खाड़ी देशों में फंसे पंजाबियों से संबंधित सारा डेटा साझा किया। मैंने उनसे अपील की कि इन पंजाबियों को जल्द से जल्द बाहर निकाला जाए ताकि वे पंजाब में अपने परिवारों से दोबारा मिल सकें। केंद्रीय मंत्री ने हर संभव मदद का भरोसा दिया है और मुझे उम्मीद है कि युद्ध प्रभावित खाड़ी क्षेत्र में फंसे पंजाबी जल्द ही अपने परिवारों में होंगे।

मध्य पूर्व में फंसे पंजाबियों को बाहर निकालने के लिए पंजाब सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा, ÷पंजाबियों ने देश को अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने और देश की एकता, अखंडता तथा प्रभुसत्ता की रक्षा में शानदार भूमिका निभाई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अचानक युद्ध शुरू होने के कारण बड़ी संख्या में पंजाबी मध्य पूर्व में फंसे हुए हैं।

### अरब देशों में फंसे पंजाबियों की सुरक्षित वापसी सबसे बड़ी प्राथमिकता है

### पंजाब सरकार फंसे नौजवानों के परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है



### पंजाब सरकार हर जरूरी सहायता पहुंचाने के लिए वचनबद्ध

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब सरकार फंसे लोगों को जल्द से जल्द हर जरूरी सहायता उपलब्ध कराने के लिए वचनबद्ध है। हम इस संकट की घड़ी में खाड़ी देशों में फंसे नौजवानों और छात्रों के परिवारजनों के साथ मजबूती से खड़े हैं। मुझे उम्मीद है कि भारत सरकार युद्ध प्रभावित खाड़ी क्षेत्र में फंसे सभी लोगों की मदद के लिए जरूरी कदम उठाएगी।

### विशेष जहाज का प्रबंध किया जाए: रवजोत सिंह

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने एक्स पर कहा कि मैं कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह जी को केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू जी के पास भेज रहा हूं। हम मांग करते हैं कि पंजाबियों के लिए विशेष जहाज का प्रबंध किया जाए। अरब देशों में फंसे हमारे पंजाबियों की सुरक्षित घर वापसी हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

## आप का असली रंग विज्ञापनों के माध्यम से लोगों को धोखा देना है : वड़िंग

**चंडीगढ़, 03 मार्च।** पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने मंगलवार को पंजाब सरकार की बसों को नीले और पीले रंग में रंगने के लिए आप सरकार पर तीखा हमला बोला। आप पर निशाना साधते हुए राजा वड़िंग ने कहा, ÷ सत्ता में चार साल रहने के बाद जब आपके पास दिखाने के लिए कुछ और नहीं बचता, तो आप केवल अपना असली रंग ही दिखाते हैं।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का असली रंग सरकारी खजाने की कीमत पर विज्ञापनों के माध्यम से फर्जी और झूठे दावों के साथ लोगों को धोखा देना और गुमराह करना है।

राजा वड़िंग ने सवाल उठाया कि पहले से रंगी हुई बसों को 'आप के रंगों' में रंगने से पार्टी को क्या हासिल होगा।

उन्होंने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा, ÷आपने पहले अस्पतालों को आम आदमी क्लीनिक के नाम पर रंगा, फिर स्कूलों को और अब बसों को।

यह केवल उस चरम स्तर की असुरक्षा को दर्शाता है जिससे सत्ताधारी दल जूझ रहा है।

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह कदम 'आप' के लिए उल्टा साबित होगा, क्योंकि लोग पहले से ही सरकार से तंग आ चुके हैं। जैसे ही वे सत्ताधारी दल द्वारा इस तरह की चीजें देखते हैं, वे और अधिक चिढ़ जाते हैं और उनमें रोष पैदा होता है।

## महिला दिवस पर महिला उद्यमियों को सम्मानित करने की तैयारी : सौंद

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 03 मार्च।** महिला दिवस के अवसर पर ग्रामीण महिला नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भगवंत मान सरकार राज्य भर की 14,100 महिला उद्यमियों को सम्मानित करने के लिए तैयार है।

इसके लिए अब तक 28,000 से अधिक पंजीकरण प्राप्त हो चुके हैं। ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद ने मंगलवार को घोषणा की कि 18 मार्च को होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में पंजाब राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत शीर्ष 100 उद्यमियों को 25,000-25,000 रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तैयारियों की समीक्षा करते हुए श्री सौंद ने कहा कि प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र से 100 स्वयं सहायता समूह की 11,700 महिला उद्यमियों को सम्मानित किया जाएगा।

बारह मार्च से जिला स्तरीय कार्यक्रम शुरू होंगे, जहां 23 जिलों में से प्रत्येक से 100 महिला उद्यमियों (कुल 2,300) को सम्मानित किया जाएगा।

अठारह मार्च को मुख्य समारोह होगा, जहां एक समिति द्वारा चुनी गयी सर्वश्रेष्ठ 100 महिलाओं को 25,000 रुपये देकर प्रत्येक को पुरस्कृत किया जाएगा।

राज्य भर में कुल 14,100 महिला उद्यमियों को सम्मानित किया जाएगा। सौंद ने मिशन के व्यापक प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राज्य में वर्तमान में लगभग 58,000 स्वयं सहायता समूह कार्यरत हैं, जिनसे करीब छह लाख ग्रामीण महिलाएं जुड़ी हुई हैं।

पंजाब सरकार इन लाभार्थियों को 30,000 रुपये का रिवॉल्विंग फंड, 50,000 रुपये का कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड और सात प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण सुविधा प्रदान कर रही है।

### पंजाब राजस्व वृद्धि में देश के शीर्ष 3 राज्यों में शामिल : चीमा

**चंडीगढ़, 3 मार्च।** पंजाब के वित्त, आबकारी और कराधान मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मंगलवार को कहा कि राजस्व वृद्धि में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वालों में पंजाब देश के शीर्ष तीन राज्यों में है। चीमा ने कहा कि पिछले चार वर्षों में राज्य का वित्तीय प्रदर्शन संरचनात्मक सुधार, राजकोषीय अनुशासन और प्रशासनिक पारदर्शिता को दर्शाता है। पंजाब भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य के वित्तीय स्वास्थ्य में आए निर्णायक बदलाव को रेखांकित करने के लिए विस्तृत आंकड़े पेश करते हुए बताया कि पंजाब का अपना कर राजस्व 2021-22 में 37,327 करोड़ रूपये (जीएसडीपी का 6.39 प्रतिशसत) से बढ़कर 2024-25 में 57,919 करोड़ रूपये (जीएसडीपी का 7.15 प्रतिशत) हो गया है।

## ब्रह्मपुरा ने चोहला साहिब में स्कूली छात्राओं को 100 साइकिलों की पहली खेप बांटी

पंचकूला ऑब्जर्वर

**तरनतारन, 03 मार्च।** सतही घोषणाओं के बजाय ठोस कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर देते हुए, शिरोमणि अकाली दल के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा ने चेयरमैन गुरसेवक सिंह शेख के साथ मंगलवार को चोहला साहिब के सरकारी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जरूरतमंद छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं। भूपिंदर सिंह (यूएसए) और कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी (सैक्रामेंटो) के सिख स्टूडेंट एसोसिएशन के 'दसवंध' (दान) द्वारा वित्तपोषित इस पहल के पहले चरण में 26 लड़कियों को साइकिलें मिलीं। आने वाले हफ्तों में कुल 100 साइकिलें वितरित की जाएंगी। मीडिया से बात करते हुए श्री ब्रह्मपुरा ने शिक्षा और ग्रामीण विकास के प्रति शिरोमणि अकाली दल की ऐतिहासिक प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने अकाली दल सरकार की 'माई भागो योजना' को याद किया, जिसने हजारों लड़कियों को मुफ्त साइकिल प्रदान कर सशक्त बनाया था।

वर्तमान आप सरकार पर कटाक्ष करते हुए ब्रह्मपुरा ने शिक्षा मंत्री से विज्ञापनों से आगे बढ़कर ग्रामीण छात्रों के लिए मजबूत जमीनी बुनियादी ढांचा तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। स्कूल प्रबंधन ने नेताओं और दानदाताओं का गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन साइकिलों से दूर-दराज के गांवों से आने वाली लड़कियों का दैनिक सफर काफी आसान हो जाएगा।

## महिला दिवस पर महिला उद्यमियों को सम्मानित करने की तैयारी, 28,000 से अधिक पंजीकरण: सौंद

पंचकूला ऑब्जर्वर

चंडीगढ़। महिला दिवस के अवसर पर ग्रामीण महिला नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भगवंत मान सरकार राज्य भर की 14,100 महिला उद्यमियों को सम्मानित करने के लिए तैयार है। इसके लिए अब तक 28,000 से अधिक पंजीकरण प्राप्त हो चुके हैं। ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद ने मंगलवार को घोषणा की कि 18 मार्च को होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में पंजाब राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत शीर्ष 100 उद्यमियों को 25,000-25,000 रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तैयारियों की समीक्षा करते हुए श्री सौंद ने कहा कि प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र से 100 स्वयं सहायता समूह की 11,700 महिला उद्यमियों को सम्मानित किया जाएगा। बारह मार्च से जिला स्तरीय कार्यक्रम शुरू होंगे, जहां 23 जिलों में से प्रत्येक से 100 महिला उद्यमियों (कुल 2,300) को सम्मानित किया जाएगा। अठारह मार्च को मुख्य समारोह होगा, जहां एक समिति द्वारा चुनी गयी सर्वश्रेष्ठ 100 महिलाओं को 25,000 रुपये देकर प्रत्येक को पुरस्कृत किया जाएगा। राज्य भर में कुल 14,100 महिला उद्यमियों को सम्मानित किया जाएगा। श्री सौंद ने मिशन के व्यापक प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राज्य में वर्तमान में लगभग 58,000 स्वयं सहायता समूह कार्यरत हैं, जिनसे करीब छह लाख ग्रामीण महिलाएं जुड़ी हुई हैं। पंजाब सरकार इन लाभार्थियों को 30,000 रुपये का रिवॉल्विंग फंड, 50,000 रुपये का कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड और सात प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण सुविधा प्रदान कर रही है। वित्तीय सहायता के साथ-साथ महिलाओं को प्रशिक्षण, मार्केट लिंकेज, बैंकिंग सहायता और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुंच प्रदान की जा रही है।

# पंजाब राजस्व वृद्धि में देश के शीर्ष तीन राज्यों में शामिल : चीमा

पंचकूला ऑब्जर्वर

चंडीगढ़। पंजाब के वित्त, आबकारी और कर मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के नेतृत्व में, पंजाब राजस्व विकास में शानदार उपलब्धियों के लिए देश के शीर्ष तीन राज्यों में उभरा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पिछले चार वर्षों में राज्य की वित्तीय कार्यप्रदर्शन संरचनात्मक सुधार, वित्तीय अनुशासन और प्रशासनिक पारदर्शिता को दर्शाता है। यहां पंजाब भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए हरपाल सिंह चीमा ने पंजाब की वित्तीय सेहत में आए इस निर्णायक बदलाव को उजागर करने के लिए विस्तृत आंकड़े पेश किए।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, 'पंजाब के अपने कर राजस्व में भारी वृद्धि हुई है, जो कि 2021-22 में कुल राज्य घरेलू उत्पाद (जी.एस.डी.पी.) का 6.39 प्रतिशत यानी 37,327 करोड़ रुपये था, वह बढ़कर 2024-25 में 57,919 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि कुल राज्य घरेलू उत्पाद का 7.15 प्रतिशत बनता है।'

आबकारी प्राप्ति के आंकड़े पेश करते हुए आबकारी और कर मंत्री ने बताया कि आबकारी राजस्व में चार वर्षों से भी कम समय में 86.77 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, 'अकाली-भाजपा सरकार के पांच वर्षों के कार्यकाल के दौरान कुल आबकारी प्राप्ति 20,545 करोड़ रुपये थी, जिसकी वार्षिक औसत 4,109 करोड़ रुपये थी। बाद में कांग्रेस सरकार ने पांच वर्षों में 27,395 करोड़ रुपये इकट्ठे किए, जिसकी वार्षिक औसत 5,479 करोड़ रुपये रही। इसके बिल्कुल विपरीत, 'आप' सरकार ने जनवरी 2026 तक ही 37,975 करोड़ रुपये का आबकारी राजस्व प्राप्त कर लिया है, जो कि वार्षिक 9,907 करोड़ रुपये की शानदार औसत दर्शाता है। इसके अलावा, कांग्रेस सरकार के समय 2021-22 में आबकारी राजस्व 6,157 करोड़ रुपये था, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 मे इसके 11,500 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। राज्य के कुल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में, आबकारी राजस्व 2021-22 के 1.05 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 1.28 प्रतिशत हो गया है।'



जी.एस.टी. प्रणाली के तहत कार्यप्रदर्शन को उजागर करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि जी.एस.टी. प्राप्ति में भी ऐसी ही सफलता दर्ज की गई है। उन्होंने कहा, 'पिछली कांग्रेस सरकार जी.एस.टी. मुआवजे पर बहुत अधिक निर्भर थी और टैक्स दायरे को बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने में असफल रही। उनकी पांच वर्षों की कुल प्राप्ति 61,286 करोड़ रुपये थी, जिसकी वार्षिक औसत 12,257 करोड़ बनती है।'

उन्होंने आगे कहा, आप सरकार द्वारा जनवरी 2026 तक 83,739 करोड़ रुपये प्राप्त किए गए हैं, जिससे वार्षिक औसत बढ़कर 21,845 करोड़ रुपये हो गई है। राज्य जी.एस.टी. राजस्व, जो कि 2021-22 में 15,542 करोड़ रुपये था, 2025-26 में 26,500 करोड़ को पार करने का अनुमान है। जी.एस.टी. 2.0 के तहत तर्कसंगत होने के बावजूद, राज्य ने अपने जी.एस.टी. राजस्व में 70.50 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज की है।'

जमीन और संपत्ति की रजिस्ट्रियों के बारे में बात करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि स्टांप ड्यूटी से राजस्व में भी ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस के कार्यकाल 2017-22 के दौरान, पिछली अकाली दल सरकार (2012-17) की तुलना में स्टांप ड्यूटी संग्रह में 1 प्रतिशत से भी कम की वृद्धि देखने को मिली। अकाली-भाजपा सरकार ने कुल 12,387 करोड़ रुपये इकट्ठे किए जिसकी वार्षिक औसत 2,477 करोड़ रुपये थी, जबकि कांग्रेस सिर्फ 12,469 करोड़ रुपये इकट्ठे कर सकी, जिसकी वार्षिक औसत 2,494 करोड़ रुपये रही।'

उन्होंने आगे कहा, इसके विपरीत, 'आप' सरकार ने जनवरी 2026 तक 19,515 करोड़ रुपये प्राप्त किए हैं, जिसकी वार्षिक औसत 5,091 करोड़ रुपये है। यह दर्शाता है कि सिर्फ चार वर्षों में, आप सरकार ने पिछली सरकारों के पांच वर्षों के कार्यकालों से 60 फीसदी अधिक स्टांप ड्यूटी प्राप्त की है। इस तेज गति से, यह राजस्व 2026-27 के वित्तीय वर्ष तक कांग्रेस दौर के कुल राजस्व से दोगुना होने की उम्मीद है।'

विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि पंजाब ने पूंजीगत व्यय में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की है। उन्होंने कहा, 'पांच वर्षों में, अकाली-भाजपा सरकार ने 14,641 करोड़ रुपये और कांग्रेस सरकार ने पूंजीगत व्यय पर 19,356 करोड़ रुपये खर्च किए। जबकि आप सरकार 31,630 करोड़ खर्च करने जा रही है।' विरासत में मिले कर्ज के बोझ के बारे में बोलते हुए, वित्त मंत्री ने दावा किया, ÷आप सरकार को विरासत में लगभग 3,00,000 करोड़ रुपये का कर्ज मिला है। इस भारी ऐतिहासिक बोझ के कारण, लिए गए नए कर्जों का 35 फीसदी हिस्सा सिर्फ पिछली सरकारों द्वारा छोड़ी गई देनदारियों को चुकता करने के लिए इस्तेमाल होता है। कर्ज का और 50 फीसदी हिस्सा पुराने कर्जों पर ब्याज देने में चला जाता है।

डॉ. रवजोत सिंह ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. आर. नायडू से की मुलाकात

# फंसे हुए पंजाबियों के लिए बचाव उड़ानें शुरू करने की मांग

मध्य पूर्वी संघर्ष के कारण फंसे लोगों के लिए विशेष उड़ानें संचालित करने और हवाई किरायों में वृद्धि पर रोक लगाने की अपील

पंचकूला ऑब्जर्वर

चंडीगढ़ /नई दिल्ली। मध्य पूर्व में बढ़ते टकराव के कारण बड़ी संख्या में पंजाबियों के फंसे होने के मद्देनजर एनआरआई मामलों के मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने आज केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. आर. नायडू से मुलाकात की। उन्होंने फंसे हुए लोगों की सुरक्षित और शीघ्र वापसी सुनिश्चित करने के लिए बचाव उड़ानें शुरू करने, विशेष विमान संचालित करने तथा हवाई किरायों में की गई वृद्धि पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा, उड़ानों को पुनः शुरू करने और विशेष निकासी सेवाएं चलाने की तत्काल आवश्यकता है। हमारे लोगों को इस संकट की घड़ी में असहाय नहीं छोड़ा जा सकता।

मध्य पूर्व में जारी चल रहे टकराव और क्षेत्रीय अस्थिरता के कारण प्रवासी पंजाबी समुदाय को हो रही कठिनाइयों पर प्रकाश डालते हुए डॉ. रवजोत सिंह ने कहा, पंजाब की आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा विभिन्न मध्य पूर्वी देशों में रहकर काम करता है। निर्धारित उड़ानों के रद्द होने से हमारे अनेक एनआरआई भाई-बहन वहां फंस गए हैं और उनके परिवार यहां गहरी चिंता में हैं।



उन्होंने केंद्रीय मंत्री से सुरक्षित हवाई मार्गों पर संचालन बहाल करने हेतु एयरलाइनों के साथ समन्वय स्थापित करने और फंसे यात्रियों को वापस लाने के लिए विशेष उड़ानों की व्यवस्था करने की अपील की। उन्होंने कहा, बहुत से महत्वपूर्ण रूट बंद कर दिए गए हैं, जिससे बड़ी संख्या में यात्री फंस गए हैं। उच्च तनाव वाले क्षेत्रों में फंसे लोगों या आपात स्थिति में घर लौटने के इच्छुक यात्रियों के लिए विशेष राहत एवं निकासी उड़ानों की तत्काल आवश्यकता है।

हवाई टिकटों की बढ़ती कीमतों का मुद्दा उठाते हुए डॉ. रवजोत सिंह ने कहा, उड़ानों की संख्या घटने के कारण कई एयरलाइंस किराए में भारी वृद्धि कर यात्रियों का शोषण कर रही हैं। मैं अनुरोध करता हूं कि इस संकट के दौरान नागरिकों के वित्तीय शोषण को रोकने के लिए इन रूटों पर किराया नियंत्रण लागू किया जाए।

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने भी बैठक के दौरान के. आर. नायडू से टेलीफोन पर बातचीत की और राज्य सरकार को बिना देरी के विशेष उड़ानों की व्यवस्था करने की अनुमति देने की अपील की, ताकि पंजाबियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा, ÷मुख्यमंत्री ने स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की और आवश्यकता पड़ने पर पंजाब को विशेष उड़ानें संचालित करने की अनुमति देने का अनुरोध किया।

डॉ. रवजोत सिंह ने आगे बताया कि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने आश्वासन दिया है कि पंजाब सरकार द्वारा उठाई गई चिंताओं पर प्राथमिकता के आधार पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पहले से ही इस मुद्दे पर कार्य कर रही है, क्योंकि कई राज्यों के नागरिक खाड़ी देशों में फंसे हुए हैं।

एनआरआई मामलों के मंत्री ने खाड़ी देशों से लौटने वाले पंजाबियों की सहायता के लिए आईजीआई हवाई अड्डे पर पंजाब सरकार द्वारा स्थापित सुविधा केंद्र का भी दौरा किया। मंत्री ने बताया पंजाब सरकार ने फंसे हुए पंजाबियों की सहायता के लिए 24×7 हेल्पलाइन पहले ही शुरू कर दी है। प्रभावित परिवार 0172-2260042, 0172-2260043 पर संपर्क कर सकते हैं या व्हाट्सऐप नंबर +91 94787 79112 पर संदेश भेज सकते हैं। स्थिति की निगरानी के लिए एडीजीपी आर. के. जायसवाल की अगुवाई में एक उच्च स्तरीय टीम भी गठित की गई है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंजाबियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने जोड़ा, ÷मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में हम इस संकट की घड़ी में अपने लोगों को हर संभव सहायता देने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं।

इससे पहले डॉ. रवजोत सिंह ने राज्यभर के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की और विदेशों में फंसे पंजाबियों की सहायता के लिए जिला स्तरीय हेल्पलाइन नंबरों को प्रमुखता से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ÷फंसे हुए पंजाबियों से संबंधित प्रत्येक पूछताछ का जिम्मेदारी और ईमानदारी से निपटारा किया जाए, ताकि समयबद्ध और प्रभावी सहायता सुनिश्चित की जा सके। बैठक के दौरान पंजाब भवन, नई दिल्ली के प्रधान रेजिडेंट कमिश्नर डॉ. एस. करुणा राजू भी उपस्थित थे।

## एसएसबी ग्रुप व महिंद्रा ग्रुप द्वारा संयुक्त उद्यम के द्वारा पंजाब में 460 करोड़ का निवेश किया जाएगा: संजीव अरोड़ा



पंचकूला ऑब्जर्वर

चंडीगढ़। पंजाब के उद्योग और वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली तथा स्थानीय निकाय मंत्री संजीव अरोड़ा ने आज पंजाब के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर (आतिथ्य क्षेत्र) में एसएसबी ग्रुप और महिंद्रा ग्रुप द्वारा संयुक्त उद्यम के माध्यम से 460 करोड़ रुपये के बड़े निवेश की घोषणा की।

यह निवेश महिंद्रा हॉलिडे एंड रिजॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड के बैनर तले किया जाएगा, जो कंपनी का पंजाब में पहला निवेश है। मंत्री ने बताया कि इस प्रोजेक्ट से लगभग 700 रोजगार के अवसर पैदा होंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को काफी मजबूती मिलेगी।

लगभग 15 एकड़ क्षेत्र में बनाया जाने वाला रिजॉर्ट और कन्वेंशन सेंटर अमृतसर के वाघा रोड स्थित गांव खासा में तैयार किया जाएगा।

संजीव अरोड़ा ने बताया कि एसएसबी ग्रुप द्वारा वर्तमान समय में अमृतसर में लगभग 120 कमरों वाले तीन होटल संचालित किए जा रहे हैं:

- होटल फॉर्च्यून रणजीत विहार
- रीजेंटा इन
- रीजेंटा सेंट्रल

पर्यटन और एमआईसीई क्षेत्र को बढ़ावा मंत्री ने कहा कि 90,000 वर्ग फुट का अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर पंजाब में एमआईसीई (मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंसेज, एक्जिबिशन्स) पर्यटन में महत्वपूर्ण वृद्धि करेगा। अमृतसर भारत के सबसे प्रमुख आध्यात्मिक और विरासत स्थलों में से एक है, इसलिए इस प्रोजेक्ट से शहर ब? पैमाने पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों, डेस्टिनेशन वेडिंग्स तथा कॉर्पोरेट सम्मेलनों के लिए एक प्रमुख और पसंदीदा स्थान के रूप में उभरेगा।

निवेश-अनुकूल माहौल को प्रोत्साहित करने के प्रति पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए संजीव अरोड़ा ने कहा कि महिंद्रा हॉलिडेज एंड रिजॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड द्वारा पंजाब में पहला निवेश राज्य की प्रगतिशील औद्योगिक नीतियों और व्यवसाय करने में आसानी के ढांचे में निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

## एक नजर

### 102 इंफेंट्री बटालियन ने भिवानी में मनाया अपना 58वां स्थापना दिवस

**भिवानी.** भारतीय सेना की वीरता और समर्पण की प्रतीक 102 इंफेंट्री बटालियन (प्रादेशिक सेना) पंजाब ने अपना 58वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। स्थानीय कोंट रोड़ स्थित नंद गार्डन में आयोजित इस समारोह में पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। स्थापना दिवस के इस विशेष अवसर पर बटालियन के पूर्व सैनिकों ने एक साथ मिलकर अपनी पुरानी यादें ताजा कीं। पूर्व सैनिकों ने एक-दूसरे के गले लगकर और हाथ मिलाकर अपनी खुशियों को साझा किया। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह से देशप्रेम और आपसी भाईचारे के रंग में रंगा हुआ नजर आया। समारोह में बटालियन के कई वरिष्ठ और सम्मानित पूर्व अधिकारियों ने हिस्सा लिया, जिनमें मुख्य रूप से पूर्व कैप्टन सुधीर, सुबेदार प्रकाश, सूबेदसार सतीश, सूबेदार दया, हवलदार धर्मवीर, संदीप, सुरेंद्र, विरेंद्र, वीर सिंह, संजय सहित कई अन्य पूर्व जांबाजों ने भी कार्यक्रम में अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई। समारोह के दौरान पूर्व सैनिकों ने बटालियन के गौरवशाली इतिहास और देश की रक्षा में दिए गए बलिदानों को याद किया। कार्यक्रम का समापन जय हिंद के जोशीले नारों के साथ हुआ, जिसने पूरे परिसर को देशभक्ति की लहर से भर दिया। उपस्थित लोगों ने एक स्वर में बटालियन की निरंतर प्रगति और देश की अखंडता के लिए काम करते रहने का संकल्प दोहराया। पूर्व सैनिकों ने कहा कि यह कार्यक्रम ना केवल एक स्थापना दिवस का उत्सव था, बल्कि यह उन रिटायर्ड सैनिकों के बीच अटूट संबंधों का प्रतीक भी था जिन्होंने अपनी जवानी देश की सीमाओं की सुरक्षा में समर्पित कर दी।

### नशे में वाहन न चलाएं, सुरक्षित व सद्भावना के साथ मनाएं त्योहार

**भिवानी.** होली के पावन पर्व को लेकर शहर में जहां उत्साह का माहौल है, वहीं सामाजिक संगठनों द्वारा नागरिकों से सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील भी की जा रही है। इसी क्रम में नेता जी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने लोगों से होली पर विशेष सावधानी बरतने का आह्वान किया है। अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम, एकता और भाईचारे का प्रतीक है। इस अवसर पर कई बार लोग उत्साह में अपनी जिम्मेदारियां भूल जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर ब्रेकर और गड्डों को ध्यान में रखते हुए वाहन की गति संतुलित रखें तथा किसी भी स्थिति में नशे की हालत में वाहन न चलाएं। तनाव या जल्दबाजी में ड्राइविंग करना भी खतरनाक साबित हो सकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि केमिकल युक्त रंगों, गोबर या कीचड़ से होली न खेलें, क्योंकि इससे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकता है और आपसी विवाद की स्थिति भी बन सकती है। इसके स्थान पर तिलक, फूलों की होली तथा हर्बल गुलाल का प्रयोग करें। साथ ही पानी की बर्बादी से बचें। उन्होंने कहा कि त्योहार की खुशी में सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी न करें। हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें तथा यातायात नियमों का पालन करें। यदि हम सभी सावधानी और जिम्मेदारी के साथ होली मनाएं, तो यह पर्व वास्तव में आनंद, सुरक्षा और सद्भाव का संदेश देगा।

### किसान हितैषी बजट, लॉजहोगे कृषि से संबंधित आयाम- पितृ पक्ष : बी.आर. कम्बोज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पितृ प्रो. बी.आर. कम्बोज ने हरियाणा सरकार द्वारा बजट को किसान हितैषी के रूप में पेश करते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश के किसानों की आय और उत्पाद में वृद्धि, कृषि लागत में कमी और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बजट में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से 2 हजार की लागत से आधुनिक तकनीक से स्मार्ट एग्रीकल्चर नाम से एक नई योजना शुरू करने का प्रस्ताव है। अगर किसानों को किसी भी प्रकार का नुकसान होगा तो उनकी हर पाई की भरपाई हरियाणा सरकार करेगी। लवणीय भूमि को पुनर्जीवित करने के लिए 1 लाख 40 हजार एकड़ भूमि पर खेती की गई। मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत 10 हजार प्रति सेकंड अतिरिक्त बोनस दिया गया। प्राकृतिक एवं जैविक किसानों को कृषि उपज बेचने के लिए बाजारों में जगह उपलब्ध रहेगी। उद्यम स्थापना मिशन के तहत किसानों को 3 हजार प्रति डॉलर का प्रोत्साहन राशि को 5 हजार प्रति डॉलर का प्रोत्साहन मिलेगा। टिशू कल्चर के माध्यम से तैयार हुई पौध को किसानों को अब मुफ्त में उपलब्ध कराया जाएगा। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतगार्ट जिला पर्यटन एवं भंडार में कुल 100 करोड़ की लागत से दो नवीन एवं आधुनिक मछली मंडियों की स्थापना की जाएगी। 25 करोड़ से अधिक कीमत वाले पीपीपी मूड में 10,000 मिलियन टन और 12,000 मिलियन टन अन्य प्लांट्स के प्लांट का प्रॉजेक्ट 25 करोड़ से शुरू हो गया है। खाद्य पदार्थों की उत्तम गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 8 नए व्यापक खाद्य पदार्थ पर्यटन, नारनौल, सीओओकेओ, यमुनानगर, लाहौर, नारियल और गुरूग्राम में स्थापित की जाएगी। ड्रॉप-मोर क्रॉप प्रोग्राम के अंडर ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सींचल इंस्ट्रक्शन को प्रोत्साहन के लिए 1.25 लाख करोड़ अतिरिक्त क्षेत्र को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बजट प्रदेश में कृषि क्षेत्र को नई दिशा और किसानों की समृद्धि सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होंगे।

### स्कूल में नन्हे-मुन्नों ने मनाई होली

**कुरुक्षेत्र.** ओम कॉन्वेंट स्कूल में आज होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे गुलाल और बच्चों की खिलखिलाहट से सराबोर नजर आया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने सुरक्षित एवं प्राकृतिक रंगों से होली खेली, गीत-संगीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए तथा एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य श्रीमती उषा धीमान के प्रेरणादायक संबोधन से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को होली के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में बताया तथा इस पर्व को शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की सीख दी। उन्होंने कहा कि होली आपसी प्रेम, एकता और सकारात्मकता का संदेश देने वाला पर्व है। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक श्री उमाशंकर एवं संचालिका श्रीमती ज्योति राजपूत ने सभी बच्चों और शिक्षिकाओं को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को पानी के संरक्षण का संदेश देते हुए सूखी होली खेलने के लिए प्रेरित किया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आपसी प्रेम, सौहार्द, सहयोग और खुशियों की भावना को प्रोत्साहित करना था। शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भी बच्चों के साथ इस रंगोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे वातावरण और भी आनंदमय हो उठा। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं स्टाफ सदस्य—श्रीमती संगीता, श्रीमती मंजू, श्रीमती सीमा गाबा, श्रीमती रेखा शर्मा, मनिंदर कौर, चरणजीत, सिमरन आशा, सीमा रानी, श्रीमती पिंकी एवं शीलू—उपस्थित रहे और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। पूरे आयोजन ने विद्यालय परिवार में प्रेम, उल्लास और एकता की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया।

# जिला स्तर पर जवाबदेही और मापनीय परिणामों पर रहेगा फोकस : डॉ. मिश्रा

## डिजिटल रजिस्ट्री लागू होगी, सरकारी-निजी संस्थानों के लिए साप्ताहिक रिपोर्टिंग अनिवार्य

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़** हरियाणा सरकार ने राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राज्य में वायरल हेपेटाइटिस की निगरानी, रिपोर्टिंग और उपचार मॉनिटरिंग व्यवस्था को व्यापक, लागू करने योग्य और परिणाम-आधारित स्वरूप देने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि नई पहल का उद्देश्य अनुपालन सुनिश्चित करना, रियल-टाइम डाटा एकीकरण स्थापित करना और जांच से उपचार तक की पूरी प्रक्रिया में मौजूद अंतराल को समाप्त करना है।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में रिपोर्टिंग व्यवस्था खंडित है और मुख्यत: सरकारी संस्थानों तक सीमित रही है, जबकि निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम और डायग्नोस्टिक प्रयोगशालाओं की भागीदारी अपेक्षित स्तर पर नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हेपेटाइटिस-बी और सी अधिसूचित रोग हैं, इसलिए निगरानी को पूर्ण, बाध्यकारी और परिणामोन्मुख बनाना आवश्यक है।

**साप्ताहिक रिपोर्टिंग होगी अनिवार्य**

नई व्यवस्था के अंतर्गत राज्य के सभी सरकारी और निजी स्वास्थ्य संस्थानों को वायरल हेपेटाइटिस पॉजिटिव मामलों की साप्ताहिक रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में तय समय-सीमा के भीतर देनी होगी। राज्य स्तर से जारी निर्देशों में जिला-वार जिम्मेदारियां निर्धारित की जाएंगी, ताकि डाटा की पूर्णता और शुद्धता सुनिश्चित हो सके। रिपोर्टिंग या कार्यक्रम पर्यवेक्षण में शिथिलता की स्थिति में जवाबदेही तय की जाएगी।

निगरानी को संस्थागत रूप देने के लिए स्वास्थ्य विभाग एक इन-हाउस राज्य डिजिटल हेपेटाइटिस रजिस्ट्री विकसित कर उसे क्रियान्वित करेगा। इसमें मरीजों का आयु, लिंग, ब्लॉक, जिला, जोखिम कारक और विस्तृत लाइन-लिस्टिंग सहित समेकित विवरण दर्ज किया जाएगा।

विशेष रूप से हेपेटाइटिस-बी पॉजिटिव गर्भवती महिलाओं की ट्रैकिंग पर जोर रहेगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नवजात शिशु को जन्म के 24 घंटे के भीतर हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन की बर्थ डोज और एचबीआईजी प्रदान की जाए। आगे के टीकाकरण की पूर्णता की स्थिति भी रजिस्ट्री में दर्ज होगी, ताकि मां से शिशु में संक्रमण (वर्टिकल ट्रांसमिशन) की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।

यह रजिस्ट्री एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम से जोड़ी जाएगी, जिससे केस क्लस्टर और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की समय रहते पहचान संभव हो सके। राज्य स्तर पर समेकित डाटा की नियमित समीक्षा कर देरी और विभिन्न पोर्टलों के बीच दोहराव को समाप्त किया जाएगा।

डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि अब व्यवस्था को घटना-आधारित प्रतिक्रिया से आगे बढ़ाकर रोकथाम और निगरानी-आधारित प्रणाली में रूपांतरित करना आवश्यक है। सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों की भागीदारी, डाटा एकीकरण और समय-सीमा के अनुपालन से ही वायरल हेपेटाइटिस को सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के रूप में समाप्त करने के लक्ष्य की दिशा में प्रभावी प्रगति संभव होगी।

### डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का समन्वित एकीकरण

रणनीति के तहत भारत सरकार के NVHCP एमआईएस पोर्टल, HMIS, RCH पोर्टल, इंटीग्रेटेड हेल्थ इन्फॉर्मेशन प्लेटफॉर्म और -पोर्टल सहित मौजूदा डिजिटल प्रणालियों का एकीकरण और तार्किकीकरण किया जाएगा। वर्तमान में स्क्रीनिंग, टीकाकरण और उपचार से संबंधित जानकारी अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर दर्ज होती है, जिससे एकीकृत निगरानी में कठिनाई आती है। राज्य ने प्रस्ताव रखा है कि इन प्रणालियों को समन्वित कर स्क्रीनिंग कवरेज, उच्च जोखिम समूहों की ट्रैकिंग, टीकाकरण अनुपालन और उपचार से जुड़ाव की निगरानी को सुगम बनाया जाए। केंद्रीय प्लेटफॉर्म्स की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए एक समर्पित राज्य पोर्टल की व्यवहार्यता भी परीक्षणाधीन है। सार्वभौमिक स्क्रीनिंग और उपचार की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बीच मजबूत अभिसरण मॉडल तैयार किया गया है। मातृ स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत सभी गर्भवती महिलाओं की पहली एएनसी विजिट पर हेपेटाइटिस-बी जांच की जाएगी। पॉजिटिव पाए जाने पर उन्हें उच्च जोखिम गर्भावस्था की श्रेणी में रखा जाएगा तथा अनिवार्य परामर्श के साथ परिवार के सदस्यों की स्क्रीनिंग कराई जाएगी। टीकाकरण कार्यक्रम के तहत जिलों को हेपेटाइटिस-बी बर्थ डोज का पूर्ण कवरेज सुनिश्चित करना होगा। एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आईसीटीसी, एआरटी और ओएसटी केंद्रों पर आने वाले उच्च जोखिम समूहों की नियमित जांच की जाएगी तथा पात्र व्यक्तियों का टीकाकरण किया जाएगा। रक्त संक्रमण सेवाएं स्क्रीनिंग में पॉजिटिव पाए गए रक्तदाताओं की काउंसलिंग कर उन्हें NVHCP सुविधाओं से जोड़ेगी, ताकि फॉलो-अप में कोई बाधा न रहे।

### बजट से हरियाणा की आय बढ़ाने कारोड मेप तैयार होगा: इंद्रपाल सिंह

**करनाल.** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी द्वारा प्रस्तुत किए हरियाणा के एतिहासिक बजट का कृषि उपकेरण मैन्यूफेक्चर्स ऐसासिएशन के प्रधान रविंद्र ढल तथा महासचिव इंद्रपाल सिंह ने स्वागत किया हैं। उन्होंने इस बजट में करनाल के लिए रेस्ट हाउस महत्वाकांक्षी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट बनाया जाएगा इसके अलावा करनाल के हसनपुर में डीयर पार्क बनाने के। इससे जिससे हिरणों को संरक्षित किया जा सके। उन्होंने करनाल में आयुष अस्पताल युवाओं के लिए होस्टल की सराहना की हैं। उन्होंने बताया कि बजट क्रांतिकारी हैं। इसमें मुख्यमंत्री ने जिस तरह से एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने का टारगेट रखा हैं। उससे हरियाणा नंबर वन बनेगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में युवाओं को उद्यामी बनाने पर जोर दिया हैं। बजट को उद्योगों के लिए लाभकारी बताया हैं। उन्होंने कह कि इस बजट से उद्याम लगाने वाले युवाओं को प्रोत्साहन मिलेगा प्रधान रविंद्र ढल तथा महासचिव इंद्रपाल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हरियाणा को देश के सम्रद्ध आर्थिक राज्य बनाने का रोड मेप तैयार किया हैं। उन्होंने बताया कि इस बजट में लघु उद्यामियों के लिए घोषणाएं की हैं। यह बजट नए उद्यामियों के लिए लाभकारी होगा।

### त्योहारों से जीवन में उमंग आती है

**करनाल.** होली की पूर्व संध्या पर एक शाम होली के नाम का आयोजन एमबी केसी द्वारा किया गया। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शाम का आगाज इस क्लब की डायरेक्टर मनिंदर सिंह बब्बू द्वारा किया गया। होली के परंपरागत गीतों के बीच हास्य का भी तडका दिखाई दिया। मनिंदर सिंह बब्बू ने कहा कि परम्परागत त्योहारों से जीवन में उमंग आती हैं। उन्होंने होली को खुशियों का पर्व बताया। इस अवसर पर श्रीमती मनिंदर बब्बू जी , अरविन्दर सिंह ,श्री अरुण थापर ,श्रीमती रशिम थापर ,श्री कंवल अरोड़ा।श्रीमती रजनी अरोड़ा ,श्री नरेश दत्त ,श्रीमती शिखा दत्त , विनय छाबड़ा ,श्रीमती गीता छाबड़ा ,श्री दविंदर अरोड़ा व अन्य थे।

### किडजी स्कूल में धूमधाम से मनाया होली का त्यौहार

**लाडवा** लाडवा के किडजी स्कूल में होली का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने एक दूसरे को रंग लगाया। नाटक रूपांतरण द्वारा होली के पीछे की कहानी (प्रह्लाद और होलिका) के दृश्य को दर्शाया गया। होली परंपरा, प्रसन्नता और भाईचारे की भावना का त्यौहार है। इसके बाद सभी ने मिठाई खाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बच्चों को इको फ्रेंडली होली खेलने का संदेश दिया गया, जिसमें ये बताया गया कि हमें केमिकल वाले रंगों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। क्योंकि ये रंग हमारे आंखों और बॉडी को नुक्सान पहुंचाते हैं। इस मौके पर यह संदेश दिया गया कि हमें फूलों की होली खेलनी चाहिए और पानी का कम से कम इस्तेमाल करना चाहिए। समापन के दौरान सभी ने एक दूसरे को रंग लगाया और होली की बधाई दी। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य विम्मी तनेजा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर स्कूल की कोर्डिनेटर प्रभा, मुस्कान मग्गो, गीता, शिवानी, वर्षा, गौरव, गरिमा अरोड़ा, वंदना, महक शर्मा, सिमरन थे।

### जिला परिषद की चेयरपर्सन के खिलाफ 16 पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव दिया

**करनाल.** करनाल में जिला परिषद की चेयरपर्सन के खिलाफ 16 पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव दिया है। पार्षदों का आरोप है कि ग्रांट वितरण में भेदभाव किया गया, जातिगत आधार पर अनदेखी हुई और कुछ चहेते लोगों का गुट बनाकर काम किया गया। प्रस्ताव में बीजेपी के पार्षद भी शामिल हैं। डीसी ने प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है और अब नियमानुसार आगे की कार्रवाई होगी। जिला परिषद की वाइस चेयरपर्सन एवं वार्ड 16 की पार्षद रीना देवी ने बताया कि यह फैसला अचानक नहीं लिया गया। पिछले करीब सवा 3 साल से हाउस में सभी सदस्य परिवार की तरह काम कर रहे थे। लेकिन चेयरपर्सन प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा ने पार्षदों को सही तरीके से ग्रांट नहीं दी।मनोहर लाल खट्टर ने दिया था आश्वासन रीना देवी ने कहा कि पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर ने आश्वासन दिया था कि सभी पार्षदों को समान रूप से ग्रांट मिलेगी और विकास कार्य बिना भेदभाव के होंगे। इसके बावजूद 11 एससी और बीसी पार्षदों को आज तक सही तरीके से ग्रांट नहीं मिली। जहां ग्रांट दी भी गई, वहां उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी योग्य व्यक्ति को चेयरमैन बना दे, ताकि प्रतिनिधि से छुटकारा मिल सके और सदस्य अपने-अपने वार्ड में ठीक से विकास कार्य करवा सकें। बीजेपी पार्षदों ने भी खोला मोर्चा बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं वार्ड 13 के पार्षद मोहन सैनी, वार्ड 19 के पार्षद विनोद, रेणु देवी और सोनिया देवी सहित अन्य पार्षदों ने भी चेयरपर्सन की नीतियों पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि एससी और बीसी वर्ग के साथ अत्याचार हुआ है और चेयरपर्सन प्रतिनिधि सरकार के तंत्र का दुरुपयोग कर रहा है। पार्षदों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई।

16-17 करोड़ रुपए के गबन का आरोप चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने अपने वार्ड में ही अधिकांश काम करवाए और वहां भी भ्रष्टाचार किया। करीब 16-17 करोड़ रुपए के गबन का आरोप लगाया गया है। पार्षदों का कहना है कि चेयरपर्सन प्रतिनिधि बीजेपी के नाम का इस्तेमाल अपने निजी व्यवसाय के लिए कर रहा है।

## श्रुति चौधरी के प्रयासों से तोशाम को मिला आईएमटी : राज्य सभा सांसद किरण चौधरी



**भिवानी.** राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने कहा है कि सरकार ने तोशाम में आईएमटी खोलने का एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इससे भिवानी ,दादरी और हांसी सहित नजदीक के सभी क्षेत्रों में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। पढ़े लिखे योग्य युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि तोशाम में आईएमटी कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी के निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है। राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का आभार जताते हुए कहा कि तोशाम में आईएमटी स्थापित होने से औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार की कमी दूर होगी। योग्य युवाओं को रोजगार की तलाश में बाहर नहीं जाना पड़ेगा, यहीं पर उनको रोजगार मिलेगा उन्होंने कहा कि आईएमटी के लिए अधिग्रहण की जाने वाली जमीन का किसानों को कलेक्टर रेट से दोगुने मूल्य पर किसान पर अपनी जमीन दे पाएंगे। इससे किसानों में भी खुशहाली आएगी। जमीन के लिए सरकार द्वारा भी पोर्टल खोला गया है, जिसकी मुख्यमंत्री ने घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यह पहला आईएमटी है, जो तोशाम जैसे ग्रामीण क्षेत्र में मुख्यमंत्री ने दिया है, इसके लिए वे मुख्यमंत्री की बहुत-बहुत आभारी हैं। श्रुति चौधरी द्वारा तोशाम इलाके के विकास के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने समय-समय पर किसानों और युवाओं की समस्याओं को उठाया है पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल के सपनों को साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही। बंसी लाल जी के कार्यकाल में बनाई गई सभी नहरो और नालों जीर्णोद्धार किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की कृषि व्यवस्था को आधुनिक बनाया जा रहा है। श्रुति चौधरी द्वारा क्षेत्र में रोजगार की मांग को लेकर किए गए प्रयासों का ही परिणाम है कि ही मुख्यमंत्री ने तोशाम को आईएमटी का तोहफा दिया है। वहीं दूसरी ओर सिंचाई एवं जल संसाधन तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने भी तोशाम में आईएमटी देने पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि इससे तोशाम क्षेत्र के विकास में नए द्वार खुलेंगे। क्षेत्र का औद्योगिक विकास होगा। युवाओं का भविष्य उज्ज्वल होगा। भिवानी में मेडिकल कॉलेज की शुरुआत होने से क्षेत्र की चिकित्सा व्यवस्था में भूतपूर्व सुधार हुआ है। क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए दूसरे क्षेत्रों में नहीं भटकना पड़ रहा है। सभी सुविधाएं सरकार जल्द पूरा करने जा रही है। नहरी पानी का समान बटवारा होने से सभी क्षेत्रो के किसानों को समय पर नहरी पानी उपलब्ध हो पा रहा है। नहरो की मरम्मत और निर्माण का कार्य तीव्र गति से हो रहा है। सरकार हर वर्ग तक सुविधा पहुंचाकर क्षेत्र के लिए प्रगति के द्वार खोल रही है। भाजपा सरकार में सब का साथ ,सबका विकास का लक्ष्य साकार किया जा रहा है।

### थाना शहर टोहाना पुलिस की कार्रवाई 5.95 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी काबू

**टोहाना.** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस* के दिशा-निर्देशन में नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना शहर टोहाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5.95 ग्राम हेरोइन सहित एक आरोपी को काबू करने में सफलता प्राप्त की है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस चौकी चंडीगढ़ रोड टोहाना के एएसआई मनजीत सिंह अपनी टीम के साथ रेलवे पुल चंडीगढ़ रोड से इंदिरा कॉलोनी की ओर गश्त एवं नशा तस्करी की रोकथाम के लिए मौजूद थे। इसी दौरान इंडस्ट्रियल एरिया के पास एक व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर झुग्गियों की तरफ जाने लगा, जिसे शक के आधार पर काबू किया गया। पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने अपना नाम समुन्दर सिंह पुत्र साधु राम निवासी वार्ड नं. 02, बाबा बूटा बस्ती, टोहाना बताया।तलाशी के दौरान आरोपी की पैंट की दाहिनी जेब से एक पारदर्शी पॉलिथीन में 5.95 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। बरामद हेरोइन को नियमानुसार सील कर जब्त किया गया। पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी ई-साक्ष्य एप के माध्यम से की गई।

### सांसद सुभाष बराला के नेतृत्व में जाखल नगर पालिका प्रधान होंगे भाजपा में शामिल

**टोहाना.** जाखल नगर पालिका प्रधान पद के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के मुख्यमंत्री की रैली करवाने के बाद भी अपने उम्मीदवार सुरेंद्र मित्तल को जताने में नाकामयाब हुई थी और चुनावों में प्रधान पद पर विकास कामरा विजयी हुए थे ।अब वह अपने क्षेत्र में लोगों के साथ विकास के किए सभी वायदे निभाने के लिए भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है। उन्होंने पुष्टि की है कि वह 5 मार्च को राज्यसभा सांसद सुभाष बराला की नेतृत्व में भाजपा की सदस्य ग्रहण करेंगे नगर पालिका प्रधान विकास कामरा को टोहाना हलका विधायक कांग्रेस पार्टी के विधायक सरदार परमवीर सिंह का करीबी माना जाता रहा है जब नगर पालिका चुनाव में उन्होंने प्रधान पद का चुनाव लड़ा था तब उन्हें कांग्रेस पार्टी का समर्थन प्राप्त था। संवाददाता से बातचीत करते हुए उन्हें बताया कि वह राज्य में सरकार के विकास कार्यों और योजनाओं से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं। वह पार्टी में रहकर जाखल नगर पालिका का विकास करवाना चाहते हैं विकास कामरा ने अपनी आस्था भाजपा पार्टी में व राज्यसभा सांसद सुभाष बराला से जाखल का विकास संभव है।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 602 गौशालाओं को दिए 68.34 करोड़ की अनुदान राशि के चेक

### कहा, गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनुसंधान पर काम कर रही सरकार




**सोनीपत :** सोनीपत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गांव भटगांव में आयोजित राज्यस्तरीय गौशाला चारा अनुदान राशि वितरण समारोह में प्रदेश की गौशालाओं के सशक्तिकरण के लिए 68.34 करोड़ रुपये की अनुदान राशि के चेक वितरित किए। साथ ही प्रदेशवासियों को होली के पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। भटगांव में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गौमाता हमारी संस्कृति, आस्था और संवेदनशीलता की प्रतीक हैं। गौसेवा केवल धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण से भी जुड़ा विषय है। सरकार का उद्देश्य गौशालाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने भटगांव की दोनों ग्राम पंचायतों तथा धर्मार्थ गौशाला भटगांव को 21-21 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि सोनीपत जिले की 27 पंजीकृत गौशालाओं के लिए 5.60 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। उन्होंने जानकारी दी कि पिछले सवा 11 वर्षों में प्रदेश सरकार द्वारा पंजीकृत गौशालाओं को 457.41 करोड़ रुपये की अनुदान राशि दी गई थी और आज की राशि मिलाकर यह आंकड़ा बढ़कर 525.75 करोड़ रुपये हो चुका है। यह सरकार की गौसंवर्धन के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की 330 गौशालाओं में सोलर ऊर्जा प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं और वर्ष 2026-27 तक सभी पंजीकृत गौशालाओं को सौर ऊर्जा आधारित परिसरों में परिवर्तित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त गौशालाओं को 2 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है, जिससे उनके खर्च में कमी आएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि गौशालाओं को ई-रिक्शा उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया जारी है, जिससे वे अपने उत्पादों की मार्केटिंग कर सकें और आय बढ़ा सकें। पंचगव्य आधारित उत्पादों, जैसे जैविक खाद, प्राकृतिक पेंट, दीया, धूपबत्ती, गोबर के गमले, गो-अर्क आदि तैयार करने हेतु आवश्यक मशीनरी के लिए 101 गौशालाओं को अनुदान दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देसी नस्लों — हरियाणा, साहिवाल एवं बेलाही — के संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष प्रोत्साहन योजना चलाई जा रही है। दूध उत्पादन क्षमता के अनुसार 5,000 से 20,000 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। 'राष्ट्रीय गोकुल मिशन' के माध्यम से नस्ल सुधार और संरक्षण पर विशेष बल दिया जा रहा है। समारोह को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा, सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली तथा हरियाणा गौ सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण गर्ग ने भी संबोधित किया।

इस मौके पर पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक निखिल मदान, विधायक कृष्णा गहलावत, विधायक देवेंद्र कादियान, विधायक पवन खरखौदा, मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा, निवर्तमान मेयर राजीव जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक, अरुण बंसल, धर्मार्थ गौशाला भटगांव के प्रधान अनिल दहिया आदि भी मौजूद रहे।

### भारत विकास परिषद की बैठक आयोजित

**लाडवा.** लाडवा की शिवाला राम कुंडी में भारत विकास परिषद् की हरियाणा उत्तर प्रांत की संगठनात्मक बैठक हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष डा. परमजीत पाहवा व क्षेत्रीय महासचिव राकेश शर्मा मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम से आरम्भ हुआ। इस बैठक में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, सभी जिला के जिला समन्वयक, सह समन्वयक एवं प्रांत की विभिन्न शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव एवं वित्तसचिव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में प्रांतीय अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने संगठन मंत्री का स्वागत किया। उपस्थित दायित्वधारियों का मार्गदर्शन करते हुए सुरेश जैन ने भारत विकास परिषद् के माध्यम से समाज में वंचितों के उत्थान, उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने संस्कार एवं महिला सहभागिता गतिविधियों के द्वारा स्वस्थ- समर्थ- संस्कारित भारत के सृजन के लिए सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। सेवा के विषय में मार्गदर्शन करते हुए बताया कि सभी शाखा सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में अपनी पहचान बनाने एवं सामाजिक संपर्क के माध्यम से सहयोग व सेवा के साथ-साथ कार्य में मातृशक्ति के योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में प्रांतीय महासचिव अतुल गोयल ने सुंदर व्यवस्था एवं आयोजन के लिए लाडवा शाखा का आभार भी प्रकट किया। लाडवा शाखा अध्यक्ष अमन गोयल ने बैठक में उपस्थित सभी दायित्वधारियों का अभिनंदन और स्वागत किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। बैठक में अनेक परिषद के सदस्य भी मौजूद थे।



# उर्वशी रौतेला में झलकी मधुबाला

ग्लोबल पहचान, 200 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स और अंतरराष्ट्रीय रेड-कार्पेट पर दमदार मौजूदगी। इन सबके बीच उर्वशी रौतेला ने एक बार फिर साबित किया है कि सच्ची सुंदरता समय की सीमाओं में बंधी नहीं होती। उनकी हालिया विंटेज-प्रेरित तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर ऐसा जादू चलाया कि प्रशंसकों ने उन्हें सीधे हिंदी सिनेमा की अमर सुंदरी मधुबाला से जोड़ दिया। मुलायम घुंघराले बाल, काजल से सजी अभिव्यक्तिपूर्ण आँखें और सादगी में लिपटी शालीनता। इन तस्वीरों में उर्वशी का रूप मानो बॉलीवुड के स्वर्णिम युग की किसी क्लासिक फिल्म का जीवंत फ्रेम बन गया हो। कुछ ही घंटों में कमेंट सेक्शन मॉडर्न-डे मधुबाला जैसे संदेशों से भर गया और सोशल मीडिया पर दोनों अभिनेत्रियों की तस्वीरों के कोलाज वायरल होने लगे। कई प्रशंसकों का मानना है कि यह तुलना सिर्फ चेहरे की समानता तक सीमित नहीं है। उर्वशी की सूक्ष्म भाव-भंगिमाएं और गरिमामयी मुस्कान ने लोगों को मधुबाला की याद दिला दी। वही मधुबाला, जिन्होंने मुग़ल-ए -आज़म जैसी कालजयी फिल्म में अपने अभिनय से इतिहास रच दिया था। उनकी स्क्रीन प्रेज़ेंस में मासूमियत, आत्मविश्वास और आकर्षण का अनोखा संगम था और यही तत्व उर्वशी के इस विंटेज अवतार में भी झलकते नजर आए। अंतरराष्ट्रीय व्यस्तताओं के बावजूद उर्वशी अपने परिवार और भावनात्मक मूल्यों को प्राथमिकता देती हैं। यही कारण है कि उनकी छवि केवल ग्लैमरस स्टार तक सीमित नहीं रहती, बल्कि एक ऐसी शख्सियत के रूप में उभरती है जो आधुनिकता के साथ परंपरा को भी संजोए रखती है। फैशन एक्सपेरिमेंट्स के लिए जानी जाने वाली उर्वशी ने इस बार रेट्रो स्टाइल के जरिए यह दिखाया कि क्लासिक एलिगेंस कभी आउट ऑफ ट्रेंड नहीं होता। फिल्म जगत के जानकारों का मानना है कि मधुबाला जैसी दिग्गज से तुलना महज़ प्रशंसा नहीं, बल्कि इस बात का संकेत है कि आज के सितारे फिर से क्लासिक बॉलीवुड की झलक को अपनाने लगे हैं। यह एक क्षणिक सोशल मीडिया ट्रेंड हो या किसी बड़े रेट्रो रुझान की शुरुआत। इतना तय है कि उर्वशी रौतेला की इन नई तस्वीरों ने पीढ़ियों के बीच एक खूबसूरत सेतु बना दिया है।

# शादी के बाद रश्मिका मंदाना ने बयां किए संगीत के खूबसूरत जज्बात

साउथ सिनेमा के कपल रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी शादी के बाद खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। दोनों ने हाल ही में उदयपुर में तेलुगु और कोडवा रीति-रिवाजों के अनुसार शादी की थी। शादी से पहले के उत्सवों में संगीत की रात खास रही, जिसके बारे में रश्मिका ने सोमवार को एक पोस्ट के जरिए बताया। रश्मिका ने अपने इंस्टाग्राम पर संगीत की कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। इसमें रश्मिका और विजय साथ में नजर आ रहे हैं, जबकि कुछ तस्वीरों में उनके परिवार के सदस्य भी शामिल नजर आ रहे हैं। रश्मिका ने पोस्ट के जरिए अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने बताया कि यह रात प्यार, खुशी के आंसुओं, हंसी, संगीत, गानों, चमक-दमक और पूरी रात नाचने से भरी हुई थी। उन्होंने लिखा, सच में, यह अब तक की सबसे मजेदार रात थी। रश्मिका ने आगे बताया कि वे और विजय एक-दूसरे को सरप्राइज देने की प्लानिंग कर रहे थे, लेकिन परिवार वालों ने उन्हें सरप्राइज दे दिया। अभिनेत्री ने लिखा, जब मैंने अपने परिवार को इतने खुले दिल से और जोश से नाचते देखा, तो मैं और विजय खुश और हैरान हो गए। मेरा आउटफिट काफी शानदार था। कपड़े थोड़े भारी थे, लेकिन फिर भी मैं पूरी रात उसी में नाचती रही। 24 फरवरी 2026 वह खास रात थी, जब विजय और मैंने परिवार और दोस्तों के प्यार के बीच दिल खोलकर डांस किया। यह संगीत समारोह उदयपुर के आईटीसी मेमेंटोज होटल में हुआ था, जहां परिवार और करीबी दोस्तों ने जमकर एंजॉय किया।

बता दें कि फैंस रश्मिका और विजय को विरोश नाम से बुलाते हैं और उनकी इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। 26 फरवरी को उदयपुर में तेलुगु और कोडवा रीति-रिवाजों से संपन्न यह शादी दो संस्कृतियों का अनूठा संगम है। सुबह तेलुगु रीति-रिवाजों में जीलाकारा-बेल्लम जैसी वैदिक रस्में निभाई गईं, वहीं शाम को कोडवा परंपरा के अनुसार बिना पंडित और अग्नि के, योद्धा परंपराओं और गंगा पूजा के साथ विवाह संपन्न हुई थी।

# युद्ध की आहट के बीच फँसे रोहन गंडोत्रा, दुबई में धमाकों के बीच फँसे रोहन गंडोत्रा




दुबई की चमक-दमक, ऊँची इमारतें और फिल्मी सेट की रौनक। सब कुछ एक पल में सन्नाटे में बदल गया। अभिनेता रोहन गंडोत्रा अपने आगामी प्रोजेक्ट की शूटिंग के लिए यूएई पहुँचे थे, लेकिन यह दौरा अचानक भय और अनिश्चितता से भर गया, जब मध्य पूर्व में भड़के बढ़ते संघर्ष की आंच दुबई तक आ पहुँची। रणनीतिक ठिकानों के निशाने पर आने और हवाई क्षेत्र बंद होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और इसी उथल-पुथल के बीच रोहन शूटिंग कर रहे थे। संघर्ष शुरू होने के समय रोहन दुबई में सेट पर मौजूद थे। उन्होंने उन भयावह पलों को याद करते हुए कहा, एक पल हम शूटिंग कर रहे थे और अगले ही पल आसमान में जोरदार धमाके होने लगे, धुआँ उठता दिखा और ड्रोन ऊपर मंडराने लगे। यह किसी युद्ध फिल्म जैसा लग रहा था  लेकिन यह हकीकत थी। हर क्षण ऐसा महसूस हो रहा था कि कुछ भी हो सकता है। उन तनावपूर्ण घंटों में मैं सिर्फ प्रार्थना कर सकता था और सुरक्षित घर लौटने की उम्मीद कर सकता था। एक अभिनेता, जो आमतौर पर कैमरे के सामने काल्पनिक खतरों का सामना करता है, अचानक वास्तविक संकट के बीच खड़ा था। रोहन भी उन्हीं हजारों लोगों में शामिल हैं, जो फिलहाल सुरक्षित तो हैं, लेकिन सदमे और चिंता की स्थिति में हैं। अभिनेता ने अपने परिवार और प्रशंसकों के प्रति चिंता जताते हुए भावुक अपील की- मैं बस सुरक्षित लौटना चाहता हूँ। मेरी बस यही प्रार्थना है, शांति के लिए, सुकून के लिए।

# दुबई में मिसाइल हमलों के बीच फंसीं ईशा गुप्ता सुरक्षित लौटीं, बयां किया आंखों देखा हाल

अभिनेत्री ईशा गुप्ता कुछ दिनों से दुबई में फंसी हुई थीं। मिसाइलों के हमलों और हवाई क्षेत्र के बंद होने की वजह से फ्लाइट्स रद्द हो गई थीं। मंगलवार को अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि अब वे सुरक्षित रूप से दुबई से भारत लौट आई हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक नोट शेयर किया। इस नोट में उन्होंने अपनी आने की जानकारी के साथ वहां के मुश्किल हालातों का जिक्र किया और यूएई की सरकार की तारीफ की। उन्होंने लिखा, मैं अपने घर पर वापस सुरक्षित लौट आई हूं। आप सभी की प्रार्थनाओं और शुभकामनाओं के लिए बहुत बहुत शुक्रिया। मेरे लिए यह स्थिति बहुत कठिन थी, लेकिन भगवान की असीम कृपा से हम सब सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि यह पूरा मामला 28 फरवरी, रविवार को शुरू हुआ था, जब वे अबू धाबी एयरपोर्ट पर थीं। उन्होंने लिखा, दोपहर 1 बजे के आसपास एयरपोर्ट बंद हो गया। चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। फिर मिसाइल हमलों की खबरें आने लगीं। अगले पल क्या होगा, यह कोई नहीं जानता था। एयरपोर्ट पर अजनबी लोग एक-दूसरे को सांत्वना दे रहे थे। सब अपने परिवार वालों को फोन करके बता रहे थे। अभिनेत्री ने यूएई की तारीफ की। उन्होंने लिखा, एयरपोर्ट स्टाफ और सुरक्षा कर्मी तुरंत सक्रिय हो गए। वे शांत रहे और स्थिति को संभालने में जुट गए। मैं चेक-इन नहीं कर पाई थी, इसलिए होटल वापस जाना पड़ा। रात के समय होटल में कई लोगों से बात हुई, तो पता चला कि एयरपोर्ट पर फंसे सभी यात्रियों को खाने के लिए पैसे दिए गए। कुछ घंटों बाद लाइन लगाकर उन्हें अबू धाबी के अलग-अलग होटलों में जगह दी गई।

उन्होंने बताया कि रात 9 बजे तक बसें तैयार हो गईं। शहर और आइलैंड के होटलों में लोगों को ले जाया गया। मीडिया में खबर आने से पहले ही सरकार ने सभी होटलों को आदेश दिया कि फंसे यात्रियों के लिए रहने और खाने की व्यवस्था करें। उन्होंने लिखा, यह सिर्फ कमरा देने तक नहीं था। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सिर्फ परिवार या दोस्त साथ रहें। यूएई के इंटीरियर मिनिस्ट्री की तरफ से फोन पर लगातार अलर्ट और नोटिफिकेशन आते रहे। सुरक्षित जगह पर रहने की सलाह दी गई। जब हालात शांत लगे, तो भरोसा दिलाने वाले मैसेज भी भेजे गए। अभिनेत्री ने होटल मैनेजमेंट स्टाफ की तारीफ की। उन्होंने लिखा, होटल मैनेजमेंट वाले अच्छे से काम कर रहे थे। हमारे हर सवाल का जवाब अच्छे से देने की कोशिश कर रहे थे।



# कुर्ती में मधुरिमा तुली का स्ट्रीट-स्टाइल जलवा

जब परंपरा आधुनिकता से मिलती है, तो फैशन सिर्फ पहनावा नहीं, व्यक्तित्व का विस्तार बन जाता है। और यही जादू रचती हैं मधुरिमा तुली। एक्शन-थ्रिलर तहरान में अपने दमदार अभिनय से सराहना बटोर रहीं मधुरिमा इन दिनों अपने ऑफ-स्क्रीन स्टाइल को लेकर भी चर्चा में हैं। उनका हालिया कुर्ती-केंद्रित लुक इस बात का प्रमाण है कि सादगी में भी ग्लैमर की अनगिनत परतें छिपी होती हैं। हल्के रंग की खूबसूरती से सजी कुर्ती, बारीक कढ़ाई और फ्लोइंग सिल्हूट। यह लुक किसी फैशन रनवे का नहीं, बल्कि रोज़मर्रा की जिंदगी का है। यही इसकी खासियत है। पारंपरिक आकर्षण और आधुनिक मिनिमलिज़्म का संतुलन मधुरिमा के व्यक्तित्व को और निखार देता है। मैचिंग बॉटम्स और नाज़ुक एक्सेसरीज़ के साथ उन्होंने यह साबित किया कि स्टाइल को शोर मचाने की ज़रूरत नहीं होती। वह अपनी उपस्थिति से ही ध्यान खींच लेता है। कभी एलिगेंट हील्स तो कभी आरामदायक फ्लैट्स के साथ स्टाइल किया गया उनका कुर्ती लुक बेहद बहुमुखी नजर आता है। ब्रंच मीटिंग हो, फेस्टिव गेट-टुगेदर या शूटिंग सेट की ओर जाती एक सहज झलक, हर मौके के लिए यह लुक प्रेरणादायक है। मधुरिमा का यह स्टाइल संदेश देता है कि भारतीय परिधान केवल पारंपरिक आयोजनों तक सीमित नहीं हैं। सही स्टाइलिंग के साथ वही कुर्ती एक ट्रेंडी स्टेटमेंट बन सकती है। फैशन-फॉरवर्ड हैशटैग्स के साथ साझा की गई उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। फैंस और फैशन एडिटर्स दोनों ही उनके इस रिलेटेबल और आत्मविश्वासी अंदाज़ की सराहना कर रहे हैं। टेक्सचर्ड फैब्रिक्स, हल्के-फुल्के सिल्हूट्स और उनकी सिग्नेचर दमकती मुस्कान, यह सब मिलकर एक ऐसा स्टाइल स्टेटमेंट गढ़ते हैं जो रेड कार्पेट की चकाचौंध से अलग, लेकिन उतना ही प्रभावशाली है। मधुरिमा तुली का यह कुर्ती मोमेंट सिर्फ एक फैशन लुक नहीं, बल्कि एक विचार है कि सादगी में भी शाही ठाठ छिपा हो सकता है।

# संयुक्ता ने पुरी जगन्नाथ की अगली फिल्म में तब्बू के साथ काम करने के अनुभव पर खुलकर बात की

मुंबई संयुक्ता, जिन्होंने वाथी, भीमला नायक, कडुवा और विरुपाक्ष जैसी फिल्मों में दमदार परफॉर्मेंस देकर इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है, आज के समय में सबसे होनहार सितारों में शुमार की जाती हैं। अब वह तैयार हैं एक और बड़े सिनेमाई धमाके के लिए।

निर्देशक पूरी जगन्नाथ की अपकमिंग पैन इंडिया फिल्म में वह स्क्रीन शेयर करती नज़र आएंगी आइकॉनिक तब्बू और पावरहाउस एक्टर विजय सेतुपति के साथ। जैसे जैसे इस मेगा प्रोजेक्ट को लेकर उत्सुकता बढ़ रही है, संयुक्ता ने हाल ही में तब्बू के साथ काम करने का अनुभव साझा किया और ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री की एक झलक भी दी। बड़े पैमाने पर बनी इस फिल्म में विजय सेतुपति लीड रोल में हैं, संयुक्ता फीमेल लीड के रूप में दिखेंगी और तब्बू एक बेहद अहम और इंटेंस किरदार में नज़र आएंगी, जिसकी इंडस्ट्री में खूब चर्चा है। फिल्म का निर्माण चार्ममे कौर और पूरी जगन्नाथ ने अपने बैनर पुरी कनेक्ट्स के तहत किया है। शूटिंग पूरी हो चुकी है और फिल्म तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज़ की तैयारी में है। खुद तब्बू ने इसे साउथ का धमाका बताया है और माहौल भी यही इशारा कर रहा है। हाल ही की बातचीत में संयुक्ता तब्बू की तारीफ करते नहीं थमीं। उन्होंने कहा, वह कुछ अलग ही हैं। जिस अंदाज़ और एनर्जी के साथ वह सेट पर आती हैं, वह बेहद खूबसूरत है। उन्होंने कंदुकोंडेन कंदुकोंडेन जैसी शानदार फिल्म की है, जो मेरी पसंदीदा फिल्मों में से एक है। उसमें वह कमाल लगी थीं और आज भी उतनी ही ग्रेसफुल हैं। जब मैंने उन्हें सेट पर आते देखा तो मैं बस उन्हें देखती रह गई। मुझे पता ही नहीं था कि वह हैदराबाद से हैं। जब उन्होंने शहर के लोगों से बात की तो उनकी हैदराबादी हिंदी सुनकर मुझे बड़ी प्यारी लगी। हमारे बहुत ज्यादा सीन साथ में नहीं थे, लेकिन उनके साथ काम करना एक यादगार अनुभव रहा। संयुक्ता के लिए, जो आज बॉक्स ऑफिस पर लगातार सफलताओं के साथ गोल्डन फेज़ में हैं, यह फिल्म सिर्फ एक और प्रोजेक्ट नहीं बल्कि एक खास पड़ाव है। विजय सेतुपति की रॉ इंटेंसिटी, तब्बू की दमदार मौजूदगी और संयुक्ता की तेजी से बढ़ती स्टार पावर मिलकर एक ऐसा सिनेमाई तूफान खड़ा करने वाले हैं जो साउथ के धमाके वाली पहचान को पूरी तरह जस्टिफाई करेगा। आगे का सफर भी उतना ही रोमांचक है।



संयुक्ता जल्द ही एक्शन से भरपूर फिल्म बेंज में नजर आएंगी, जो चर्चित लोकेश सिनेमैटिक यूनिवर्स में उनकी दमदार एंट्री मानी जा रही है। इसके अलावा तेलुगु प्रोजेक्ट स्वयंभू में भी उनसे एक और यादगार परफॉर्मेंस की उम्मीद की जा रही है। कुल मिलाकर, चैप्टर का यह नया अध्याय सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक बड़े सिनेमाई उत्सव की शुरुआत लगता है।

# होली के बाद शरीर को डिटॉक्स करना जरूरी, इन आसान स्टेप्स से करें खुद को रिकवर

होली का त्योहार सिर्फ रंगों तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वादिष्ट व्यंजनों का मेला भी है। होली के दिन घरों में मीठे से लेकर तला-भुना खाना खूब खाया जाता है। चाहे वो गुजिया हो या फिर दही भल्ले, हर तासीर का खाना पूरा स्वाद लेकर खाया जाता है। होली के रंग की खुशी के बीच शरीर के अंदर विरुद्ध आहार की बहुतायत बढ़ जाती है और शरीर सुस्त और परेशानियों से घिर जाता है। ऐसे में होली के बाद शरीर को डिटॉक्स करना भी जरूरी है। होली के दिन खाए गए विरुद्ध आहार को शरीर से बाहर निकालना जरूरी है, जिससे शरीर सुस्ती और बीमारियों से मुक्ति पा सके। आयुर्वेद में शरीर को डिटॉक्स करने के चार आसान स्टेप्स बताए गए हैं, जिसकी मदद से शरीर को नई ऊर्जा का अनुभव होगा और होली के बाद की सुस्ती भी दूर हो जाएगी। सुबह की शुरुआत नीम की दातुन से करें। नीम की दातुन रक्त को साफ करने से लेकर पेट को साफ करने की क्षमता रखती है। दातुन का रस आंत में पनप रहे सारे बैक्टीरिया का नाश करेगा और पेट भी साफ हो जाएगा। अगर नीम की दातुन उपलब्ध नहीं है तो नीम का पाउडर बाजार में मिल जाता है। इसके बाद नंगे पैर घास पर चले। यह शरीर की सुस्ती को दूर करेगा और शरीर में नई ऊर्जा का प्रवाह होगा। तला-भुना खाने के बाद सिर्फ सोने का मन करता है, ऐसे में सैर ही सुस्ती से छुटकारा दिला सकती है।

शरीर की गंदगी को साफ करने के लिए और अंगों को आराम देने के लिए दिन में नारियल पानी और हल्दी के पानी जरूर पीए। कई बार होली का रंग मुंह और कान के जरिए शरीर के अंदर चला जाता है। शरीर में केमिकल से भरे रंगों का रहना घातक हो सकता है। ऐसे में हल्दी का पानी और नारियल का पानी शरीर की सारी गंदगी को बाहर निकाल अंगों को अच्छे से काम करने में मदद करेगा। होली के बाद शरीर के अंगों को आराम देना भी जरूरी है, खासकर पेट को। इसलिए नाश्ते में फलों का सेवन करें। फल पचने में आसान होंगे और शरीर को पूरा पोषण भी मिलेगा। होली के अगले दिन हल्का खाना खाए, जिससे पाचन अंगों पर ज्यादा जोर न पड़े।

चौथा और आखिरी स्टेप है तेल से पूरे शरीर की मालिश करना। होली के रंगों से शरीर पर रूखापन आ जाता है और त्वचा पर जलन भी होने लगती है। ऐसे में नारियल के तेल से पूरे शरीर की मालिश करें। इससे नींद भी अच्छी आएगी और त्वचा को रिकवर होने का समय मिलेगा।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com